भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
03.08.2022 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2820 का उत्तर

दीन दयालु योजना

2820. डॉ. सुभाष रामराव भामरे:
डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे:
श्री कुलदीप राय शर्मा:
डॉ. डी.एन.वी. सेंथिलकुमार एस.:
श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे:
श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार दीन दयालु योजना के अंतर्गत अनारक्षित श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए लंबी दूरी की ट्रेनों में कोच लगा रही है;
(ख) यदि हां, तो पिछले पांच वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान अनारक्षित श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए संलग्न कोचों का ब्यौरा क्या है;
(ग) योजना के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की संख्या कितनी है;
(घ) क्या ये नए कोच गरीब लोगों को बेहतर यात्रा अनुभव देंगे और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ङ) क्या अनारक्षित डिब्बों की सीमित संख्या और मूलभूत सुविधाओं के अभाव के कारण अनारक्षित डिब्बों में यात्रा करने वाले लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पढ़ता है;
(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं; और
(छ) क्या सरकार का लंबी दूरी की ट्रेनों से अनारक्षित डिब्बों को धीरे-धीरे हटाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं और इस संबंध में कौन से वैकल्पिक कदम उठाए जाने की संभावना है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (छ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

s.k

दीन दयालु योजना के संबंध में 03.08.2022 को लोक सभा में डॉ. सुभाष रामराव भामरे, डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे, श्री कुलदीप राय शर्मा, डॉ. डी.एन.वी. सेंथिलकुमार एस., श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे और श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले के अतारांकित प्रश्न सं. 2820 के भाग (क) से (छ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (घ): जी हाँ। दीन दयालु कोच गद्दीदार सामान रेक, द्वार क्षेत्र में अतिरिक्त हैंड होल्डर, बैग को टांगने के लिए जे हुकों का प्रावधान, पोलीमराइज्ड फर्श कोटिंग वाला शौचालय, जैव-शौचालयों का प्रावधान, टॉयलेट ऑक्यूपेशन इंडिकेशन डिस्प्ले बोर्ड, मनमोहक आतंरिक एवं बाहरी रंग योजना आदि जैसे अतिरिक्त सुविधाओं सहित अनारक्षित यात्रियों के लिए सामान्य द्वितीय श्रेणी के कोच शामिल किए गए हैं।

(ख): निर्मित एवं शामिल किए गए दीन दयालु कोचों का वर्ष-वार व्यौरा निम्नानुसार है:-

निर्माण का वर्ष	दीन दयालु कोचों की संख्या		
प्रकार	आईसीएफ टाइप	एलएचबी टाइप	कुल
2017-18	90	335	425
2018-19	0	600	600
2019-20	0	886	886
2020-21	0	585	585
2021-22	0	749	749

(ङ) से (छ): सामान्य श्रेणी के यात्रियों की यात्रा की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों में कम से कम दो सामान्य श्रेणी के कोचों को जोड़ा गया है। इसके अलावा, भारतीय रेल पूरी तरह से अनारक्षित लंबी दूरी की रेलगाड़ियों जैसे अंत्योदय एक्सप्रेस, जन साधारण एक्सप्रेस, जनसेवा एक्सप्रेस, जननायक एक्सप्रेस आदि का भी संचालन करती है, जो केवल सामान्य श्रेणी के एकोमोडेशन के साथ संचालित होती हैं। बहरहाल, सामान्य श्रेणी कोचों सहित सवारी डिब्बों का जोड़ना एक सतत प्रक्रिया है और इसे विभिन्न श्रेणियों के यात्रियों के यातायात पैटर्न, परिचालनिक व्यवहार्यता, वाणिज्यिक औचित्य तथा संसाधनों की उपलब्धता को ध्यान में रखकर किया जाता है। इसके अलावा, परिचालनिक व्यवहार्यता के अध्यधीन, सामान्य श्रेणी के कोचों को भी व्यस्त मौसम, उत्सव आदि के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ से निपटने के लिए जोड़ा जाता है।

******

s.k